# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रैल 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# ग्राहक बनकर धनवंतरी मेडिकल में पहुंचे निगमायुक्त प्रकाश सर्वे, दवाई की उपलब्धता की जांच की

भिलाई नगर/ भिलाई में अब तक पांच धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं, लोगों में मेडिकल के प्रति विश्वसनीयता बढ़ती जा रही है, कम कीमत में अच्छी क्वालिटी की दवाइयां इस योजना से मिल रही है। आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अचानक ग्राहक बनकर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुंचे और उन्होंने मेडिकल स्टाफ से दवाइयों की उपलब्धता को लेकर चर्चा की। उन्होंने मेडिकल दुकान में आए हुए ग्राहकों से भी बात की। ग्राहकों ने बताया कि कम कीमत पर अच्छी दवाइयां उपलब्ध हो रही है जिससे हम मेडिकल के रेगुलर ग्राहक बन गए हैं। लंबी बीमारी से जूझ रहे लोगों को दवाइयों की ज्यादा जरूरत होती है तथा उन्हें दवाइयों का सेवन प्रतिदिन भी करना पड़ता है ऐसे में धन्वंतरी मेडिकल योजना कारगर साबित हो रही है लोगों को पैसों की बचत हो रही है वही गुणवत्तापूर्ण दवाइयों का सेवन कर मरीज स्वस्थ हो रहे हैं। इधर जब से मेडिकल स्टोर्स भिलाई में खुले हैं लोग मेडिकल में पहुंचकर दवाइयां ले रहे हैं। दवाइयों के साथ ही मेडिकल स्टोर्स में अन्य जरूरी हर्बल प्रोडक्ट भी उपलब्ध है। वर्तमान में भिलाई में महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस, शास्त्री मार्केट पावर हाउस, 18 नंबर रोड आंगनबाड़ी के पास, भगवा चौक कुरूद तथा सुपेला शास्त्री अस्पताल में धन्वंतरी के मेडिकल स्टोर्स संचालित है। मेडिकल स्टोर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दवाइयां लेने पहुंच रहे हैं



# निगम क्षेत्र के चौक-चौराहों में प्याउ घर खोलने जनसेवी संस्थाओं से की गई अपील

भिलाई। गर्मी बढ़ने के बाद अब लोगों के कंठ सूखने लगे हैं। महापौर नीरज पाल ने सूर्य की तेज तपिश से राहत दिलाने के लिए भिलाई नगर निगम के सभी जोन क्षेत्रों में प्याउ घर खोलने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने भी इस भीषण गर्मी में आम राहगीरों के सूखे कंठ को तर करने सभी जोन आयुक्तों को सार्वजनिक स्थानों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में प्याउ घर खुलवाने सामाजिक संस्थाओं से अपील करने कहा है। इसे जनभागीदारी से खुलवाने के लिए भी प्रेरित करने कहा है।आयुक्त सर्वे ने भीषण गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक संगठनों, संस्थाओं, समूहों व समाज सेवकों से अपील की है कि अपने संसाधनों से सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों व व्यवस्ततम इलाकों में प्याउ घर खोले।इस पुनीत जनसेवी कार्य में सहभागी बनकर आम राहगीरों व प्यासों की प्यास बुझाने मददगार बनें। आरंभिक तौर पर भिलाई निगम ने दो स्थानों पर प्याउ घर खोल रखे हैं। इनमें पहला निगम मुख्य कार्यालय के समीप व दूसरा नेशनल हाईव रोड में गौठान के पास खोला गया है। इसी तरह जोन 1 से 5 के कई व्यवस्ततम इलाकों में प्याउ घर खोले जाने के निर्देश आयुक्त ने दिए हैं। महापौर नीरज पाल ने भी आम जनता से अपील की है कि प्याउ घर के साथ पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अपने घरों के सामने व आसपास पेड़ों में सकोरों और पशुओं के लिए पात्रों में पानी भरकर रखें इस पहल से पशु-पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सकेगी।



# बच्चों ने गुल्लक में जमा राशि आगजनी से प्रभावित परिवार के बच्चों के लिए किया दान

भिलाई/ नगर पालिक निगम के श्याम नगर में दो दिन पहले हुई आगजनी की घटना से उत्पन्न मौजूदा स्थिति ने बच्चों के अंतनिर्हित मानवीय गुणों को सामने ला दिया है। इस घटना से कैंप- 2 की रहने वाले जैन परिवार के बच्चे इतना विचलित हुए हैं कि आज उन्होंने अपने पिगी बैंग (गुल्लक) को लेकर प्रभावित परिवार के बच्चों के लिए दान करने मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने का काम कर रही है। अभी वहां पर हमारा जाना उचित नहीं है। आग पर काबू पा लेने के बाद हम वहां जाकर मदद करेंगे। इतने में तनय ने कहा कि मेरा गुल्लक भरा हुआ है। उसे बच्चों के लिए चाकलेट, बिस्किट के लिए दे देना, मैंने कहा ये अच्छी बात है। आप अपनी बहनों के साथ मौके पर जाना और गुल्लक खुद देकर आना है। आज अपनी बहनों के साथ मौके पर गए थे। जहां महापौर नीरज पाल, एमआईसी लोक कर्म विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर, जोन 3 के जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह,पार्षद इंजीनियर सलमान से मुलाकात कर अपना गुल्लक सौंपा। केपीएस स्कूल में पढ़ते हैं तीनों बच्चे निर्मल जैन ने बताया कि तनय और कृतिका जैन उनका बेटा बेटी है।



# महज 3 दिन में बस गई सूर्या नगर की खटीक बस्ती, प्रभावितों का घरौंदा हुआ तैयार

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल की पहल से सूर्या नगर की खटीक बस्ती फिर से अपने मूल स्वरूप में आ गई वह भी महज 3 दिनों में। प्रभावित परिवारों का आशियाना तैयार होने का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद आज विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, माननीय मुख्यमंत्री जी के ओएसडी मनीष बंछोर, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू ने राहत सामग्रियों का वितरण प्रभावित परिवारों के आशियाने तक जाकर किया। बता दे कि महापौर एवं निगम आयुक्त ने दिन-रात बस्ती में ही डटे रहकर बस्ती को फिर से बसाने में अभूतपूर्व सहयोग किया। निगम प्रशासन की मेहनत रंग लाई और प्रभावित परिवारों का घरौंदा तैयार हो गया। प्रभावित परिवारों के घर संचालन के लिए जरूरी सामग्री की पूरी किट का किया गया वितरण सूर्या नगर बस्ती फिर से बसने के बाद विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सभी प्रभावित परिवारों को उनके घर के संचालन के लिए सभी जरूरी सामग्रियों के किट का वितरण किया। इस अवसर पर मदर टैरेसा नगर के जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर, महापौर परिषद के सदस्य एवं राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, लोक कर्म विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर, समाज कल्याण विभाग के प्रभारी चंद्रशेखर गवई, पार्षद इंजीनियर सलमान आदि मौजूद रहे।



# व्यवस्तम बाजारों की रात्रिकालीन सफाई से ज्यादा साफ-सुथरा नजर आने लगा शहर

भिलाई/ शहर की पहचान वार्डों के साथ बाजार क्षेत्रों के स्वच्छता से होती है। नगर निगम प्रशासन द्वारा भी अपने शहर को विशेष पहचान दिलाने विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आम नागरिक व नगरीय क्षेत्र के व्यवसायियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से निगम क्षेत्र के बाजारों में दिन के अलावा रात्रिकालीन सफाई भी की जा रही है। इस व्यवस्था से बाजार वाले क्षेत्रों में जहां व्यापारियों व आमजनों का कार्य प्रभावित नहीं होता, वहीं सफाई कार्य भी बाधित नहीं होता है। इस सफाई कार्य का मॉनिटरिंग स्वयं आयुक्त कर रहे हैं। इस सफाई कार्य का मॉनिटरिंग स्वयं आयुक्त कर रहे हैं। उन्होंने जोन व प्रभारी अधिकारियों को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का सतत मॉनिटरिंग करने को कहा है। उन्होंने जोन व प्रभारी अधिकारियों को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का सतत मॉनिटरिंग करने को कहा है। प्रभारी स्वच्छता अधिकारियों ने दुकानदारों से कहा कि सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाने व कचरा संग्रहण के बाद कचरा न फेंके। कचरे को डस्टबीन में ही डाले। आयुक्त ने निर्देश दिया है कि ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करें, जो सफाई हो जाने के बाद भी कचरा फेंकते हैं। पहले समझाईश दे। उनके नहीं मानने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। आयुक्त ने दुकानदारों से अपील की है कि बाजार क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में निगम का सहयोग करें।



# निस्तारी के लिए भरे जा रहे निगम क्षेत्र के तालाब, जलस्तर भी होगा ऊंचा

भिलाई। नगर निगम प्रशासन गर्मी में गिरते हुए जलस्तर को बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। क्षेत्रवासियों के निस्तारी के लिए निगम क्षेत्र के तालाबों का भराव किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी निस्तारी तालाबों का भराव कर जलस्तर को बढ़ाने के निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज जोन एक अंतर्गत विभिन्न तालाबो का निरीक्षण कर वहां जल स्तर का जायजा लिया। उन्होंने जोन अधिकारियों व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों में जलभराव से पहले नहर की सफाई करवाए व उनके माध्यम से जल्द तालाब का भराव कराए, ताकि वहां निस्तारी की समस्या न आए। खमरिया शीतला तालाब में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वहां के निवासियों से चर्चा की, कुछ व्यक्ति तलाब में नहाने के लिए पहुंचे थे, उनमें से एक ने बताया कि पहले वाटर लेवल शीतला तालाब का बहुत डाउन हो गया था, निस्तारी में समस्या आ रही थी, लेकिन जलभराव के बाद पानी का लेवल फिर से बढ़ गया है और पहले जैसा हो गया है आसानी से निस्तारी हो रही है। आयुक्त ने जलभराव के बाद जल शुद्धिकरण के लिए भी व्यवस्था बनाए रखने कहा। उन्होंने तालाबों, डबरी व अन्य जलाशयों को जल्द तांदुला जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़े गए पानी से भरने के निर्देश दिए हैं। महापौर नीरज पाल व आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जल के एक-एक बूंद को सहेज कर रखें। पानी की बर्बादी न करे। पानी का सदुपयोग करें। आम जनता को पानी को सहेजने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रेरित करने कहा गया।



# भूमिगत जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूरी, निगम जल संरक्षण को लेकर लगातार कर रही पहल

भिलाई। भूजल स्तर को बढाने के लिए भिलाई निगम प्रशासन भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूमिगत जल के संचय को संजोए रखने की दिशा में जोर-शोर से कार्य कर रहा है। अब जल संरक्षण को लेकर भी पहल की जा रही है। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर काफी नीचे चला जाता है। गर्मी के दिनों में भी भूमिगत जल के संरक्षण के लिए नगर निगम के भवन अनुज्ञा विभाग ने भवन निर्माण करने पर बारिश का जल सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी 150 वर्ग फीट से अधिक आवासीय भवनों के लिए यह जरूरी होगा। महापौर नीरज पाल ने जोन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी बरसात के जल को संजोने के लिए काम करें। आम जनता व व्यापारियों को प्रेरित करें कि गिरते भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए। महापौर ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व को बताते हुए कहा कि यह भूमिगत जल को संचय करने का बेहतर माध्यम है। महापौर और आयुक्त ने गर्मी के दिनों में भी वाटर लेवल को बनाए रखने के लिए हैंडपंपों, नलों, कुंओं व अन्य जलस्त्रोतों के पास सोख्ता बनाने भी अपील की है। इससे पानी की बर्बादी नहीं होगी और भूमिगत जल स्टोर भी बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि भूजल स्तर काफी नीचे गिर जाने की वजह से गर्मी में जल संकट पैदा हो जाता है। अगर जल संरक्षण पर काम नहीं किया गया तो स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर गंभीरता पूर्वक काम किया जाना चाहिए।



# महापौर व आयुक्त ने वैक्सीनेशन सेंटर का लिया जायजा, स्वास्थ्य कर्मियों को अधिक टीकाकरण कराने पर दिया जोर

भिलाई। नगर निगम क्षेत्र को कोरोनामुक्त बनाने के लिए शहर के कई केंद्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल कोरोना से बचाव के लिए जतन कर स्वास्थ्य विभाग को शिविर लगाकर और स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्शीनेशन कराने क्षेत्र की जनता से अपील कर रहे हैं। इस परिणामस्वरूप उनके निर्देश पर कई टीका केंद्रों व स्कूलों में सभी वर्गों को कोविड-19 से बचने वैक्सीन लगाए जा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को अधिक टीकाकरण कराने पर जोर दिया। साथ ही महापौर ने कहा कि कोविड-19 से बचाव की सुरक्षित दवा वैक्सीनेशन है। आज पीएचसी जुनवानी खम्हरिया में 33, मंगल बाजार कोहका सामुदायिक भवन में 50, उप स्वास्थ्य केंद्र कोसा नगर में 28, शास्त्री हॉस्पीटल सुपेला में 53, पीएचसी वैशाली नगर में 40, कुरूद में 34, छावनी में 87, बैकुंठधाम स्वास्थ्य केंद्र में 80, बापू नगर में 21, खुर्सीपार में 27, सतविजय ऑडिटोरियम सेक्टर 5 में 110, हाउस लीज कार्यालय सेक्टर 32 में 10, शकुंतला विद्यालय रामनगर में 10, मां शारदा स्कूल सेक्टर 9 में 10, माता वैष्णो देवी स्कूल सेक्टर 11 में 5, सरस्वती शिशु मंदिर में 10 लोगों ने वैक्सीन लगवाए। इसी प्रकार 12 से 14 वर्ष के 265 लोगों को मिलाकर आज कुल 839 लोगों को विभिन्न वैक्सीनेशन सेंटरों में कोरोना टीके लगाए गए।



# महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक आज एमआईसी कक्ष में संपन्न हुई। शहर के हित में महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण फैसले परिषद ने बैठक में लिए गए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, मन्नान गफ्फार खान, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा एवं नेहा साहू मौजूद रहे। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। खस्ताहाल सड़कों से लोगों को राहत मिलेगी। केपीएस चौक से सूर्या मॉल चौक एवं सूर्या विहार कॉलोनी तक डामरीकृत किए गए मार्गों का नवीनीकरण किए जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद में लाया गया था महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति दे दी है। वार्ड क्रमांक 17 नेहरू भवन रोड में डामरीकरण कार्य के लिए भी मंजूरी एमआईसी ने दी है। निगम क्षेत्र में निवासरत आम नागरिक, महिला स्व सहायता समूह, फूल विक्रेताओं, शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को उद्यानों के रखरखाव के माध्यम से रोजगार देने के लिए रुचि के व्यक्ति आमंत्रित करने का प्रस्ताव पर महापौर परिषद ने मंजूरी दी है। इस प्रावधान के तहत गुमटी लगाकर स्व सहायता समूह की महिलाएं आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार प्राप्त कर सकती हैं, इसके बदले उद्यान को मेंटेन रखने का काम करना होगा।



# पानी की समस्याओं का समाधान करने वार्ड क्षेत्रों में दस्तक देंगे जोन के अधिकारी, सभापति गिरवर बंटी साहू ने ली बैठक

भिलाई नगर/ सभापति और नेहरू नगर जोन समिति के अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू ने जोन 1 के निगम कार्यालय में पेयजल को लेकर बैठक ली। उन्होंने कहा कि वार्ड के पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के जोन के अधिकारी संबंधित वार्ड के पार्षदों के साथ फील्ड का निरीक्षण कर ले, तथा समस्या होने पर उसका समाधान करें, जो समस्याएं मौके पर हो सकती है उसे त्वरित निराकरण कर ले। जहां भी वार्ड क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान पावर पंप एवं हैंडपंप इत्यादि खराब पाए जाए उन्हें तत्कालिक रूप से सुधार की व्यवस्था करें। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने भीषण गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट रहने कहा है, साथ ही पावर पंप और हैंडपंप जैसे खराबी आने पर इसके लिए पहले से ही हर जोन में तैयारी रखने के निर्देश उन्होंने दिए हैं, इसके लिए जमीनी स्तर पर गैंग की व्यवस्था भी की गई है। पेयजल समस्या से निपटने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर हर स्तर पर तैयारी रखी जा रही है। हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से पानी की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सभापति गिरवर बंटी साहू ने नेहरू नगर जोन के पार्षदों से पेयजल को लेकर बात की और अधिकारियों को प्रत्येक वार्ड क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं का समाधान करने कहा। इस दौरान जोन के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने आदि मौजूद रहे।



# खुद का पक्का मकान नहीं, किराएदारी में कर रहे हैं निवास तो यह योजना आपके लिए है लाभदायी, मोर मकान-मोर चिन्हारी की योजना से मिलेगा

भिलाई नगर/ हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसका खुद का घर हो जहां वह अपने परिवार के साथ हंसी खुशी से रह सके। परंतु कई अभाव के कारण चाहे वह आर्थिक स्थिति हो या जमीन खरीदने की समस्या या फिर मकान निर्माण करने की समस्या हो। कई कारणों से कमजोर वर्ग आए के परिवार को इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब इन समस्याओं को दूर करने शासन से एक अच्छी स्कीम ऐसे वर्गों के लिए आई है। अम्रपाली वनांचल सिटी में 312, शांति नगर कोहका में 36, ट्रेंचिंग ग्राउंड कुरूद के समीप 32 इस प्रकार कुल 380 मकान हितग्राहियों के लिए पूरी तरीके से रहने के लिए तैयार हो गए हैं। कई हितग्राही आबंटन के पश्चात इसमें निवासरत भी है। वही आयुक्त प्रकाश सर्वे ने मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना के तहत आवास का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास योजना के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करें और निरंतर इसकी मानिटरिंग करते रहे। महापौर व आयुक्त के निर्देश के परीपालन में योजना की प्रभारी अधिकारी विनीता वर्मा ने पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है और इस आधार पर क्रियान्वयन किया जा रहा है।



**Editorial Board**

**श्री प्रकाश कुमार सर्वे**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री पी.सी सार्वा**
**जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**